नीलामी समिति, जनपद न्यायालय, झांसी की आख्या

वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए जनपद न्यायालय, झांसी परिसर स्थित सरकारी दुकानों, (कैंटीन, स्टेशनरी/जनरल स्टोर एवं फोटोस्टेट शॉप) के ठेकों की नीलमी करवाये जाने हेतु नीलामी समिति, जनपद न्यायालय, झांसी की आख्या दिनांकित 08.03.2022 पर पारित माननीय महोदया के आदेश दिनांकित 10.03.2022 के अनुपालन में दिनांक 22.03.2022 को सायं 04.00 बजे नजारत अनुभाग, जनपद न्यायालय, झांसी में खुली बोली के माध्यम से करवाई गयी, जिसमें न्यायालय परिसर स्थित 02 दुकानों (1) कैंटीन एवं (2) स्टेशनरी/जनरल स्टोर की नीलामी हो चुकी है, परन्तु उक्त समय न्यायालय परिसर स्थित फोटोस्टेट शॉप की नीलामी हेतु किसी भी बोलीकर्ता द्वारा प्रतिभाग न लेने के कारण फोटोस्टेट शॉप दुकान की नीलामी नहीं हो पाई है। तत्पश्चात उक्त सम्बन्ध में नीलामी समिति, जनपद न्यायालय, झांसी की आख्या पर पारित माननीय महोदया के आदेश दिनांकित 31.03.2022 के अनुपालन में फोटोस्टेट दुकान, जनपद न्यायालय, झांसी की नीलामी पुनः दिनांक 19.04.2022 करायी गयी, परन्तु दिनांक 19.04.2022 को भी न्यायालय परिसर स्थित फोटोस्टेट शॉप की नीलामी हेतु किसी भी बोलीकर्ता द्वारा प्रतिभाग नही लिया। जिस कारण फोटोस्टेट शॉप की पुनः नीलामी नहीं हो पायी।

तत्क्रम में नीलामी समिति द्वारा दिनांक..5/5/22.. को जनपद न्यायालय, झांसी परिसर स्थित उक्त फोटोस्टेट दुकान की पुनः नीलामी किये जाने हेतु तिथि प्रस्तावित है, जिसकी सूचना विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित कराया जाना, कलैक्ट्रेट व कार्यालय सूचना अधिकारी, झांसी तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा कराया जाना भी प्रस्तावित है। इसके साथ ही उक्त नीलामी की सूचना माननीय उच्च न्यायालय एवं जनपद न्यायालय, झांसी की अधिकारिक वेबसाईट पर भी अपलोड किया जाना प्रस्तावित है।

आख्या माननीय महोदया के समक्ष उचित आदेश हेतु सादर प्रस्तुत है।

(सुशील कुमार-चतुर्थ) 19/04/2022	(नितेंद्र कुमार) 19-04-2022	(विकास नागर) 19/04/22
सदस्य- नीलामी समिति/	सदस्य- नीलामी समिति/	अध्यक्ष- नीलामी समिति/
प्रभारी अधिकारी, नजारत,	नोडल अधिकारी, कम्प्यूटर,	प्रभारी अधिकारी, पुस्तकालय,
अपर जनपद न्यायाधीश न्या.सं.-8	अपर जनपद न्यायाधीश न्या. सं.-9	अपर जनपद न्यायाधीश न्या० सं०-3
जनपद न्यायालय, झांसी।	जनपद न्यायालय, झांसी।	जनपद न्यायालय, झांसी।

21.4.22

District Judge
JHANSI